# कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झाँसी।

संख्याः–          /जी0सी0–2025/ज्ञापन                                        दिनांक 04–सितम्बर–2025

## कार्यालय ज्ञापन

सोशल मीडिया एवं व्हॉटसअप् के माध्यम से संज्ञान में आया है कि कार्यालय प्रधानाचार्य महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज झाँसी में नियुक्ति संबंधित प्रसारित विज्ञापन संख्या–902/नियुक्त/प्रर्दशक/2025/एस.सी.–1 दिनांक–24/08/2025 के द्वारा एक विज्ञापन वायरल हो रहा है। उक्त विज्ञापन असत्य एवं कूटरचित है। अतः एततद्वारा सूचित किया जाता है इस कालेज द्वारा इस प्रकार का कोई भी विज्ञापन निर्गत नहीं किया गया है। कृपया प्रसारित विज्ञापन का संज्ञान ना ले और न ही प्रत्यावेदन करें। यह कूटरचित विज्ञापन किन व्यक्तियों द्वारा जारी किया गया है इस संबंध में जाँच हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी से पृथक से अनुरोध किया गया है।

प्रधानाचार्य
मेडिकल कालेज, झाँसी।

संख्याः–3804/जी0सी0–2025/ज्ञापन      तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एव प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2– मण्डलायुक्त झाँसी, मण्डल झाँसी।
3– जिलाधिकारी, झाँसी।
4– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी को उपरोक्त के सन्दर्भ में सूचनार्थ हेतु प्रेषित।
5– प्रभारी अधिकारी, बेवसाईट, मेडिकल कालेज, झाँसी।
6– सम्पादक महोदय, दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक लोकपथ झाँसी को इस आशय से कि उक्त कार्यालय ज्ञापन का अपने दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

प्रधानाचार्य
मेडिकल कालेज, झाँसी।